-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 17.09.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **चौकी भूरागढ़ पर आई दो शिकायतों का अपर पुलिस अधीक्षक ने काउंसलिंग कर कराया निस्तारण। चौकी पर बहू अपने ससुराल पक्ष के विरुद्ध तथा एक अन्य प्रकरण में 10 वर्षीय बालिका को स्कूल न जाने देने पर मां को समझा-बुझा कर किया गया राजी। बच्ची का दाखिला कराने के लिए बीट आरक्षी को किया निर्देशित।**

विवरण- मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन **श्री योगी आदित्यनाथ** द्वारा महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाये जा रहे व्यापक **मिशन शक्ति** अभियान के क्रम में **पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल** के निर्देशन में जनपद में महिला अपराधों की रोकथाम तथा महिला संबंधी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण किया जा रहा है साथ ही महिला सशक्तीकरण के लिए जन जागरुकता के भी प्रयास किए जा रहे थे। इसी क्रम में आज दिनांक 17.09.2024 को **अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज** द्वारा चौकी भूरागढ़ पर आये 02 प्रकरणों में दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर विवाद को समाप्त कराया गया। बता दें कि बोधीपुरवा की रहने वाली एक नवविवाहिता ने शिकायत की कि उसके ससुराल वाले विशेषकर उसकी सास उसे परेशान करती है। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वितीय पक्ष को बुलाकर दोनों की काउंसलिंग की गई तथा सभी को पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन के लिए कहा गया। महिला के ससुराल पक्ष वालों ने कहा कि अब से वे किसी भी प्रकार से उसे परेशान नहीं करेंगे और उसका ख्याल रखेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा चेतावनी दी गई कि यदि आगे से प्रताड़ित करने की कोई भी शिकायत प्राप्त हुई तो कड़ी कार्यवाही की जायेगी। एक अन्य प्रकरण में भूरागढ़ क्षेत्र की ही रहने वाली एक महिला फोन गिरने की शिकायत लेकर चौकी आई थी उसके साथ उसकी 10 वर्षीय बेटी भी आई थी। चौकी पर मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक ने बच्ची से जब पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसने दुःखी होकर बताया कि वह पढ़ना चाहती है लेकिन मां उसे स्कूल नहीं जाने देती। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्ची की मां को समझाया गया कि आज के समय में शिक्षा कितनी आवश्यक है साथ ही अगर बच्ची पढ़-लिख लेगी तो उसे भी एक सम्बल मिलेगा। मां ने राजी होकर वचन दिया कि वह बच्ची को हर संभव पढ़ायेगी। अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित बीट आरक्षी को निर्देशित किया कि वह बच्ची का एडमिशन पुनः प्राथमिक विद्यालय में करा दे। बच्ची ने सिलाई-कढाई सीखने की बात कही तो अपर पुलिस अधीक्षक ने समय आने पर उसे सिलाई मशीन दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बांदा द्वारा चौकी भूरागढ़ का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।